FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : तीसरी | **विषय : हिन्दी**

PAPER CODE : 3011 | **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' (अंक 05)

LO – L-303 - सुनी हुई रचनाओं की विषय-वस्तु, घटनाओं, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं, प्रश्न पूछते हैं, अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, राय बताते हैं / अपने तरीके से (कहानी, कविता आदि) अपनी भाषा में व्यक्त करते हैं।

गतिविधि 1. बोलो–बोलो क्या सीखा प्रकृति से

दी गई कविता 'सीखो' जैसे हमें प्रकृति से और क्या–क्या सीखने को मिलता है, 5 वाक्य में बताओं–

निर्देश –

1. शिक्षक कविता (पाठ्यपुस्तक / मिलती जुलती अन्य) को हाव–भाव से व स्पष्ट उच्चारण करके सुनाएँ।
2. बच्चे ध्यान से सुने।
3. प्रत्येक बच्चों को 10 मिनट का समय दिया जाए।
4. प्रत्येक वाक्य में यदि बच्चा विषय आधारित बोल रहा है तो 1 और यदि नहीं तो 0 अंक दें।
5. शिक्षक द्वारा पूछा गया प्रश्न सरल व स्पष्ट हो।

गतिविधि 2. क्या छिपाया अब तो बताओ ?

आप कोई ऐसी बात याद करके बताओ जिसे आप ने अपनी माँ से छिपाया और यह भी बताओ कि क्यों छिपाया।

निर्देश –

1. शिक्षक द्वारा दिया गया निर्देश स्पष्ट व सरल होने चाहिए।
2. प्रत्येक बच्चे को 10 मिनट का समय मिले।
3. शिक्षक इसी तरह के अन्य निजी अनुभवों को भी पूछ सकते हैं।

गतिविधि 3. जोड़ी देखो उत्तर बताओ ?

चूहे तथा बिल्ली या अपने अनुसार ऐसी किसी जोड़ी का चित्र दिखा कर उस पर पाँच प्रश्न तैयार करें व बच्चों से पूछे। (शिक्षक स्वयं तैयार करें)

जैसे –

1. बिल्ली चूहे को देखकर क्या करती है ?
2. चूहा क्या–क्या खाता है ?
3. चूहा और बिल्ली यदि दोस्त बन जायें तो क्या–क्या होगा ?
4. चूहे के घर को क्या कहते हैं ?
5. बिल्ली कौन–कौन से रंगों की होती है ?

निर्देश –

1. शिक्षक सभी बच्चों को चित्र स्पष्ट रूप से दिखाएँ।
2. प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हो।
3. बच्चों को ज्यादा से ज्यादा बोलने का अवसर दें।
4. प्रत्येक बच्चों को 10 मिनट का समय दें।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-306 - अलग-अलग की रचनाओं/सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधरित प्रश्न पूछते हैं,अपनी राय देते हैं, शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करतेहैं, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर (मौखिक/लिखित रूप) से देते हैं

गतिविधि 4. खोजो–खोजो जलीय जीव

अखबार, बाल पत्रिका आदि से पानी में रहने वाले पाँच जीवों के चित्र खोजकर लायें व अपने पोर्टफोलियो में लगाएँ।

निर्देश –

1. शिक्षक द्वारा गतिविधि के निर्देश स्पष्ट तथा सरल हों।
2. प्रत्येक बच्चा चित्र ला कर लगाए यह शिक्षक सुनिश्चित करें।
3. प्रत्येक चित्र पर 1 अंक निर्धारित करें जो विषय पर आधारित हो।

गतिविधि 5. क्या खट्टा – क्या मीठा ?

अखबार, बाल पत्रिका आदि से पाँच मीठी व पाँच खट्टी चीजों के चित्र खोज कर लाएँ और उस पर एक–एक वाक्य बताए।

निर्देश –

1. शिक्षक बच्चों को जो निर्देश दे वह सरल व स्पष्ट हों।
2. प्रत्येक चित्र व वाक्यों पर 1–1 अंक निर्धारित किया जाएँ।
3. प्रत्येक बच्चों को 10 मिनट का समय दें।
4. बच्चे विषयवस्तु से संबंधित चित्र ही लेकर आ रहे हैं, शिक्षक सुनिश्चित करें।

गतिविधि 6. ठोको ताल बताओ हाल

हाल में हुए किसी पर्व/त्यौहार/जयंती अथवा अखबार में प्रकाशित कोई समाचार अथवा शिक्षक द्वारा किसी विषय पर की गई चर्चा – इनमें से किसी एक पर 5 वाक्य बोलना।

निर्देश –

1. शिक्षक द्वारा दिया गया निर्देश स्पष्ट व सरल हो।
2. प्रत्येक बच्चे को शिक्षक 10 मिनट का समय दें।
3. प्रत्येक वाक्य पर 1 अंक निर्धारित हो।
4. शिक्षक बच्चों को अखबार लाने को कहें।